बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड
Bihar State Power (Holding) Company Limited
बिहार सरकार का उपक्रम (A Govt. of Bihar Undertaking)
सामान्य प्रशासन विभाग (Department of General Administration)
GST Number : 10AAFCB2394A2ZD. CIN Number : U40102BR012SGC018495

# आवश्यक सूचना

## नियोजन सूचना संख्या–05/2024 ( तकनीशियन ग्रेड–III )

बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड के नियोजन सूचना संख्या–05/2024 के तहत् दिनांक 14.07.2025 को Aadarsh Pariksha Kendra – Gaya में तकनीकी कारणों से तृतीय पाली की रद्द परीक्षा के विरूद्ध प्रभावित अभ्यर्थियों के लिए दिनांक 10.08.2025 को पटना जिला में Computer Based Test (CBT) का आयोजन किया जाना है।

**परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु नया प्रवेश–पत्र दिनांक 05.08.2025 से बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड के अधिकृत बेबसाईट www.bsphcl.co.in से डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त के अतिरिक्त प्रवेश पत्र डाउनलोड करने हेतु एक direct लिंक आवेदक के रजिस्टर्ड ईमेल आई0डी0 पर भी उपलब्ध कराया जायेगा। अभ्यर्थी को अलग से प्रवेश–पत्र नहीं भेजा जायेगा।**

ध्यान रहें कि इस परीक्षा हेतु दिनांक 05.08.2025 से कम्पनी के बेबसाईट पर उपलब्ध होने वाले लिंक के माध्यम से निर्गत नया प्रवेश पत्र, जिसमें परीक्षा की तिथि 10.08.2025 अंकित होगी, ही मान्य होगी। पुराने प्रवेश पत्र के आधार पर किसी भी परिस्थिति में इस परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने दिया जायेगा।

**परीक्षा से संबंधित आवश्यक निदेश :–**

1. परीक्षा में Negative marking का प्रावधान नहीं है। कुल प्रश्न संख्या– 100 होंगे। परीक्षा की अवधि 90 मिनट की होगी।
2. परीक्षार्थी प्रवेश पत्र में अंकित रिपोर्टिंग टाईम के तहत् परीक्षा केन्द्र पर पहुँचेंगे। **Gate Closure के उपरांत किसी भी परिस्थिति में परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।** परीक्षा की समाप्ति के उपरांत ही परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष से बाहर जायेंगे।
3. **अभ्यर्थी नए प्रवेश–पत्र (Admit Card) एवं एक फोटोयुक्त पहचान–पत्र की एक छायाप्रति एवं मूल (Original) प्रति के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होगें। मूल (Original) प्रति नहीं होने की स्थिति में प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा।**
4. अभ्यर्थी Admit Card पर परीक्षा से संबंधित अनुदेशों का अध्ययन कर अक्षरशः अनुपालन करेंगे।
5. अभ्यर्थी को यह हिदायत दी जाती है कि वे परीक्षा केन्द्र पर जूता (shoes)/उँची सैंडल पहन कर नहीं आयें। **चप्पल/सामान्य सैंडल (without heals) ही पहन कर आयें।**
6. परीक्षा केन्द्र में घड़ियॉ, पुस्तकें, कागज के टुकड़े, पत्रिकाएँ, इलेक्ट्रोनिक्स गैजेट्स यथा मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, हेडफोन, पेन–बटन होल कैमरा, स्कैनर, केलकुलेटर, स्टोरेज डिवाइस आदि लाना सख्त वर्जित है। यदि ऐसी कोई सामग्री परीक्षा–कक्ष में अभ्यर्थी के पास पाई जाती है तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है और उसके विरूद्ध कानूनी/अपराधिक कार्रवाई आरम्भ की जा सकती है।
7. **परीक्षार्थी को मात्र पारदर्शी पेन (Transparent Pen) Blue/Black लाने की अनुमति होगी।**
8. सभी परीक्षा CCTV की निगरानी में ली जायेगी।
9. अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर तलाशी (Frisking) की प्रक्रिया से गुजरना होगा।
10. **अभ्यर्थी की उपस्थिति IRIS scanner-based biometric authentication एवं बायोमैट्रिक के माध्यम से ली जायेगी।**

11. अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में Rough work के लिए सादा कागज उपलब्ध कराया जायेगा, जिसे परीक्षा समाप्ति के उपरांत वापस ले लिया जायेगा।

12. परीक्षार्थियों को किसी भी परिस्थिति में वीक्षक की अनुमति प्राप्त किए बिना परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई परीक्षार्थी वीक्षक/पर्यवेक्षक की अनुमति प्राप्त किए बिना परीक्षा–कक्ष से बाहर जाता है, तो उन्हें पुनः प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा उन्हें परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा।

13. यदि अपरिहार्य कारणवश् परीक्षा निर्धारित समय पर आरम्भ नहीं होती है अथवा किसी तकनीकी खराबी या किसी अन्य अपरिहार्य कारणवश् बीच में बाधित हो जाती है, तो अभ्यर्थियों को वीक्षक/पर्यवेक्षक/पदाधिकारी के अनुदेशों का अनुशरण करना चाहिए। उन्हें समस्या का उपयुक्त रूप से समाधान होने तक, धैर्य पूर्वक प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है। हर हाल में यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रश्न पत्र हल करने के लिए कुल 90 मिनट समय प्राप्त हो।

14. **SCRIBE की उपलब्धता हेतु नए सिरे से अनुरोध मान्य नहीं होंगे। दिनांक 14.07.2025 को Aadarsh Pariksha Kendra – Gaya में तृतीय पाली में सम्मिलित दिव्यांग अभ्यर्थियों के द्वारा किए गए अनुरोध के आलोक में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के तहत् लिखने में असमर्थ अभ्यर्थियों को SCRIBE बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड के द्वारा उपलब्ध करा दिया जायेगा।**

15. CBT से अवगत होने हेतु Mock Test Link कम्पनी के website- www.bsphcl.co.in पर उपलब्ध है।

16. दिनांक 10.08.2025 को परीक्षा आहुत किए जाने के उपरांत नियोजन सूचना संख्या–05/2024 के तहत् तकनीशियन ग्रेड–III के पद पर दिनांक 11.07.2025 से 22.07.2025 तक एवं दिनांक 10.08.2025 को आहुत परीक्षा में प्रयुक्त प्रश्न के **आदर्श उत्तर के विरूद्ध आपत्ति हेतु एक लिंक दिनांक 14.08.2025 को कम्पनी के बेबसाईट पर उपलब्ध करा दिया जायेगा।** उक्त लिंक दिनांक 14.08.2025 से दिनांक 16.08.2025 तक क्रियाशील रहेगा। किसी प्रश्न के आदर्श उत्तर के विरूद्ध आपत्ति की स्थिति में अभ्यर्थी आपत्ति का आधार/प्रमाणिक स्त्रोत/साक्ष्य के साथ कम्पनी के बेबसाईट पर उपलब्ध रहने वाले लिंक के माध्यम से निर्धारित शुल्क प्रति प्रश्न ₹ 200/– (₹ दो सौ मात्र) भुगतान कर ऑनलाईन आपत्ति समर्पित कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति (Representation) पर विचार नहीं किया जायेगा।

17. जिस अभ्यर्थी का प्रवेश पत्र डाउनलोड नही हो पा रहा हो, वे अपना ऑनलाईन आवेदन की प्रति संलग्न कर **Email Id -** bsphclrecpat@gmail.com अथवा मोबाईल संख्या– **91-9513253397** पर संपर्क कर सकते है।

महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)

ज्ञापांक 576, पटना/ दिनांक 31-07-2025

प्रतिलिपि : श्री अजय कुमार, डी0बी0ए0, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2– उक्त सूचना को कम्पनी के बेबसाईट पर अपलोड किया जाए।

महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)